BA Part II (H)
Paper IV

Dr. Chiranjeevi Kumar Thakur
Assistant Professor (GT)
Department of Sociology
VSJ College Rajnagar

प्रश्नावली (Questionnaire) ⇒ साधारण शब्दों में यह कहा जा सकता है कि प्रश्नावली विभिन्न प्रश्नों की एक व्यवस्थित सूची है जिसका उद्देश्य अध्ययन विषय से सम्बन्धित व्यक्तियों से डाक द्वारा सूचनाएं प्राप्त करके प्राथमिक सामग्री का संकलन करना होता है।

गुडे तथा हाट (Methods in Social Research) के अनुसार, "सामान्यतया प्रश्नावली शब्द का तात्पर्य प्रश्नों के उत्तरों को प्राप्त करने की एक ऐसी प्रविधि से है जिसमें उत्तरदाता स्वयं ही एक प्रपत्र को भरकर सूचनाएं प्रेषित करते हैं।

सिन पाओ येंग (Fact Finding with Rural People) के अनुसार, "अपने सरलतम रूप में प्रश्नावली प्रश्नों की एक ऐसी अनुसूची है जिसे सर्वेक्षण के लिए प्राप्त किये गये प्रतिचयन से सम्बन्धित व्यक्तियों के पास डाक द्वारा भेजा जाता है।

बोगार्डस (Sociology) के अनुसार, "प्रश्नावली विभिन्न व्यक्तियों को उत्तर देने के लिए प्रेषित की गयी प्रश्नों की सूची है।"

अतः स्पष्ट है प्रश्नावली के उपयोग में अध्ययनकर्ता तथा उत्तरदाता के बीच कोई प्रत्यक्ष सम्पर्क होना आवश्यक नहीं होता बल्कि सामग्री का संकलन अप्रत्यक्ष रूप से ही किया जाता है।

प्रश्नावली की विशेषताएं => प्रश्नावली की प्रकृति को इसकी निम्नांकित विशेषताओं द्वारा सरलतापूर्वक समझा जा सकता है -

(1) प्रश्नावली प्रश्नों की एक ऐसी व्यवस्थित सूची है जिसमें अध्ययन विषय के विभिन्न पक्षों से सम्बन्धित सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए अनेक प्रश्नों का समावेश होता है।

(2) प्रश्नावली उत्तरदाताओं के पास डाक द्वारा प्रेषित की जाती है लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में इसका वितरण व्यक्तिगत रूप से भी किया जा सकता है।

(3) प्रश्नावली द्वारा केवल शिक्षित व्यक्तियों से ही सूचनाएं एकत्रित की जा सकती है। अशिक्षित व्यक्ति न तो प्रश्नों को पढ़ सकते है और न ही उन्हें समझकर समुचित उत्तर लिख सकते है।

(4) साधारणतया प्रश्नावली का प्रयोग एक विस्तृत क्षेत्र में फैले हुए लोगों से सूचनाएं प्राप्त करने के लिए इस दृष्टिकोण से किया जाता है कि उनसे प्रत्यक्ष रूप से साक्षात्कार कर सकना अत्यधिक कठिन हो सकता है।

(5) प्रश्नावली की भाषा अत्यधिक सरल और स्पष्ट होती है जिससे प्रत्येक उत्तरदाता प्रश्न को सही ढंग से समझकर अपना समुचित उत्तर अंकित कर सके।

(6) उत्तरदाता द्वारा भरी हुई प्रश्नावली को पद अध्ययनकर्ता के पास डाक द्वारा ही ~~लौटाया~~ लौटाता है यद्यपि स्थानीय उत्तरदाताओं से इनका संग्रह व्यक्तिगत रूप से भी किया जा सकता है।

(7) कुछ विशेष प्रकार के अध्ययनों में प्रश्नावली विधि अत्यधिक उपयोगी प्रमाणित हुई है क्योंकि अध्ययनकर्ता के उपस्थित न होने के कारण उत्तरदाता प्रत्येक सूचना और गोपनीय रूप दे सकता है।